Incorporates
NEP

SB
Signature

संस्कृतिः

शिक्षक दिग्दर्शिका

1–8

संस्कृत भाग 1

1 वर्णमाला

अभ्यास

1. नाम के आगे दिए गए सही चित्र के सामने (✓) लगाइए–

(क) अजा

(ख) ईश:

(ग) अण्डज:

2. नीचे दिए गए चित्रों के नाम संस्कृत में लिखिए–

उत्तर आम्रम्   उलूक: ऋक्ष: एडका

3. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ हिंदी में लिखिए–

उत्तर अजा **बकरी**   आम्रम् **आम**

इन्दु: **चंद्रमा**   अण्डज: **चूजा**

औषधि **दवाई**   औदनिक: **रसोइया**

4. चित्रों को पहचानकर उनके नाम पूरे कीजिए–

उत्तर



आम्रम्   **अ**म्बा   **इ**न्दु**:**

ईक्ष**णम्**   **ऊ**ष्म**:**   **उच्चा**सनम्

5. सही मिलान कीजिए–

उत्तर

(क) अण्डज: — (ii) चूजा

(ख) ओष्ठ: — (i) होंठ

(ग) इन्दु: — (iv) चंद्रमा

(घ) अजा — (iii) बकरी

2 व्यञ्जन वर्णा:

अभ्यास

1. नाम के आगे दिए गए सही चित्र के सामने (✓) लगाइए–

उत्तर कमलम्

रजक:

टङ्किका



भल्लूक:



2. नीचे दिए गए चित्रों के नाम संस्कृत में लिखिए–

उत्तर

खगः

मर्कटः

फलम्

मयूरः

थः

ढौकनम्

3. निम्नलिखित व्यञ्जन वर्णों से संबंधित चित्रों को मिलाइए–

उत्तर क





ज

श

त

र

4. सभी वर्गों के व्यञ्जन वर्ण लिखिए–

उत्तर

(क)	क वर्ग	क	ख	ग	घ	ङ
(ख)	च वर्ग	च	छ	ज	झ	ञ
(ग)	अन्तःस्थ	य	र	ल	व	
(घ)	ऊष्म	श	ष	स	ह	
(ङ)	संयुक्त	क्ष	त्र	ज्ञ	श्र	

3 मात्रा ज्ञानम्

अभ्यास

1. निम्नलिखित स्वर वर्णों की सही मात्रा के सामने (✓) लगाइए–

उत्तर

(क)	आ	ा ✓	ि	ी
(ख)	इ	ी	ि ✓	ो
(ग)	ई	ो	ा	ी ✓
(घ)	ओ	े	ै	ो ✓
(ङ)	अं	ः	ं ✓	ु

2. नीचे दिए गए चित्रों के नाम उचित मात्रा लगाकर पुनः लिखिए–

उत्तर

जलधः **जलधिः**



वषभ **वृषभः**

इल **ईली**

रसन **रसोनः**

अमम् **आम्रम्**

शकः **शुकः**

3. निम्नलिखित नामों को उनके चित्रों से मिलाइए–



4 लिङ्ग ज्ञानम्

अभ्यास

1. चित्रों को पहचानकर उनके लिङ्ग लिखिए–

उत्तर

स्त्रीलिङ्गम्



नपुंसकलिङ्गम्

स्त्रीलिङ्गम्

2. सही मिलान कीजिए–

उत्तर

(क) क्रीडकः	(i) लड़की
(ख) मूषकः	(ii) चिट्ठी
(ग) बालिकाः	(iii) बगीचा
(घ) पत्रम्	(iv) खिलाड़ी
(ङ) लता	(v) लक्ष्मी
(च) उद्यानम्	(vi) चूहा
(छ) कमला	(vii) बेल

5 वचनं पुरुषः च

अभ्यास

1. दी गई सारणी को पूरा कीजिए–

उत्तर

एकवचनम्	**द्विवचनम्**	**बहुवचनम्**
अश्वः	**अश्वौ**	**अश्वाः**
बालिका	बालिके	**बालिकाः**
नरः	**नरौ**	**नराः**
ललना	ललने	**ललनाः**
पर्णम्	**पर्णे**	पर्णानि

2. सही मिलान कीजिए–

उत्तर

(क) सः कुक्कुटः	(i) वे सब हाथी
(ख) तौ बालकौ	(ii) तुम सब आदमी
(ग) त्वं ललना	(iii) वह मुर्गा
(घ) आवां कृषकौ	(iv) तुम स्त्री
(ङ) यूयं जनाः	(v) वे दोनों बालक
(च) ते गजाः	(vi) हम दो किसान

3. निम्नलिखित शब्दों के लिङ्ग तथा वचन लिखिए–

उत्तर

(क) अहम्	**उभयलिङ्गम्**	**एकवचनम्**
(ख) त्वम्	**उभयलिङ्गम्**	**एकवचनम्**
(ग) सा	**स्त्रीलिङ्गम्**	**एकवचनम्**
(घ) तत्	**नपुंसकलिङ्गम्**	**एकवचनम्**
(ङ) इयम्	**स्त्रीलिङ्गम्**	**एकवचनम्**
(च) कः	**पुंल्लिङ्गम्**	**एकवचनम्**

6 क्रिया परिचयः

अभ्यास

1. चित्रों के अनुसार उचित क्रिया शब्द छाँटकर वाक्य पूरे कीजिए–

उत्तर

मोनू **धावति।**

साक्षी **गायति।**

बालिका **नृत्यति।**

सोनू पाठं **पठति।**



गजः शनैः शनैः **चलति।**

चटका **उड्डयति।**

7 मम शरीरम्

उत्तर

विद्यार्थी स्वयं करें।

8 मम सम्बन्धिनः

अभ्यास

1. निम्नलिखित संबंधियों को बड़े से छोटे क्रम में लिखिए–

उत्तर

पितामहः	जनकः	जननी
पितृव्यः	भ्राता	सुता

2. निम्नलिखित संबंधियों के नाम संस्कृत में लिखिए–

उत्तर (क) दादा **पितामहः** (ख) पिता **जनकः**

(ग) दादी **पितामही** (घ) मामी **मातुलानी**

(ङ) माता **जननी** (च) बहन **भगिनी**

3. आपके अपने परिवार में जो संबंधी सदस्य हैं, उनके संबंधों को संस्कृत में लिखिए–

उत्तर

विद्यार्थी स्वयं करें।

9 पशवः पक्षिणः च

अभ्यास

1. निम्नांकित पशुओं को पहचानकर उनके नीचे 'पालितः' या 'वन्यः' लिखिए–

उत्तर



पालितः

वन्यः

वन्यः



पालितः

2. निम्नांकित पशुओं के नाम संस्कृत में लिखिए–

उत्तर

शृगालः



गजः

शशकः

शूकरः

3. निम्नांकित पक्षियों को पहचानकर उनके नाम संस्कृत में लिखिए–

उत्तर

मृग:

मयूर:

कुक्कुट:



बक:

4. निम्नलिखित पक्षियों और पशुओं के नामों को उनके चित्रों से मिलाइए–

उत्तर



10 गृहस्य वस्तूनि

अभ्यास

1. चित्रों को पहचानकर उनके नाम संस्कृत में लिखिए–

उत्तर

पात्राणि

आसन्दिका

फलक:

मञ्जूषा



खट्वा

डल्लकम्

सूचिका

कुर्चिका

ऊहनी

छुरिका



फेनिलम्

आदर्शक:

2. निम्नलिखित शब्दों का हिंदी में अर्थ लिखिए–

उत्तर (क) सूचिका **सूईं** (ख) ऊहनी **झाड़ू**

(ग) दन्तकूर्चक: **दाँतों का ब्रश** (घ) घटिका **घड़ी**

(ङ) खट्वा **खाट** (च) तलाची **चटाई**

(छ) घट: **घड़ा** (ज) छत्रम् **छाता**

11 अस्माकं सहायकाः

अभ्यास

1. निम्नांकित सहायकों के नाम संस्कृत में लिखिए–

उत्तर

काष्ठकारः

मालाकारः

कृषकः

शिक्षकः

पत्रवाहकः

चर्मकारः

नापितः

गोपालकः

रजकः

2. निम्नलिखित सहायकों के नाम तथा उनके कार्य हिंदी में लिखिए–

उत्तर

(क) रजकः – **धोबी** **कपड़े धोना**

(ख) काष्ठकारः – **बढ़ई** **लकड़ी का सामान बनाना**

(ग) कृषकः – **किसान** **खेतों में अन्नादि उगाना**

(घ) कुम्भकारः – **कुम्हार** **मिट्टी के बर्तन बनाना**

12 संख्याबोधक शब्दाः

अभ्यास

1. निम्नलिखित संख्याओं को हिंदी में लिखिए–

उत्तर

(क) एका **एक** (ख) अष्ट **आठ**

(ग) द्वे **दो** (घ) पञ्च **पाँच**

(ङ) तिस्रः **तीन** (च) नव **नौ**

(छ) चत्वारि **चार** (ज) षट् **छह**

2. निम्नलिखित संख्याओं को संस्कृत में लिखिए–

उत्तर

(क) सात **सप्त** (ख) दस **दश**

(ग) छह **षट्** (घ) चार **चत्वारः**

(ङ) दो **द्वे** (च) एक **एकः**

(छ) तीन **त्रयः** (ज) पाँच **पञ्च**

3. निम्नांकित चित्रों में दी गई वस्तुओं की संख्या संस्कृत में लिखिए–

उत्तर

अष्ट



षट्



चत्वारः



सप्त



त्रयः

पञ्च

13 दिवसः मासः च

उत्तर विद्यार्थी स्वयं करें।

संस्कृत भाग 2

1 वन्दनम्

उत्तर– विद्यार्थी स्वयं करें।

2 संज्ञा शब्द-अकारान्त पुंल्लिङ्गम् (एकवचनम्)

1. निम्नांकित चित्रों के नाम संस्कृत में लिखिए–

उत्तर



कपोतः

छात्रः

नृपः

उलूकः

व्याघ्रः

गजः

2. उचित मिलान कीजिए–

उत्तर

(क) गजः	(i) उल्लू
(ख) सिहः	(ii) कबूतर
(ग) छात्रः	(iii) शेर
(घ) उलूकः	(iv) हाथी
(ङ) कपोतः	(v) छात्र

3. निम्नलिखित शब्दों को संस्कृत में लिखिए–

उत्तर (क) बैल **वृषभः** (ख) आदमी **नरः**

(ग) गधा **गर्दभः** (घ) खरगोश **शशकः**

क्रियात्मक गतिविधि–

उत्तरम्– विद्यार्थी स्वयं करें।

3 अकारान्त पुंल्लिङ्ग शब्दानां प्रयोगः (एकवचनम्)

अभ्यास

1. निम्नांकित चित्रों को देखकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

उत्तर

(क) अयं **कः** अस्ति?

अयं काकः अस्ति।

(ख) एषः **कः** अस्ति?

एषः **राकेशः** अस्ति।

(ग) **सः** कः अस्ति?

सः **कृष्णः** अस्ति।

(घ) **एषः** कः अस्ति?

एषः **मृगः** अस्ति।



(ङ) सः **कः** अस्ति?

सः **वृषभः** अस्ति।

(च) एषः **कः** अस्ति?

एषः वृक्षः अस्ति।

2. निम्नलिखित शब्दों को संस्कृत में लिखिए–

उत्तर (क) वह **सः** (ख) यह **एषः**

(ग) कौन **कः** (घ) है **अस्तिः**

(ङ) बैल **वृषभः** (च) चंद्रमा **राकेशः**

(छ) हिरण **मृगः** (ज) घोड़ा **अश्वः**

(झ) कृष्ण **कृष्णः** (ञ) पेड़ **वृक्षः**

क्रियात्मक गतिविधि–

उत्तरम्– विद्यार्थी स्वयं करें।

4 संज्ञा शब्द : आकारान्त स्त्रीलिङ्गम् (एकवचनम्)

अभ्यास

1. प्रत्येक शब्द में 'का' जोड़कर स्त्रीलिङ्ग शब्द बनाइए–

उत्तर (क) सूचि**का** (ख) ऊर्मि**का**

(ग) नौ**का** (घ) सारि**का**

(ङ) छुरि**का** (च) लोम**शिका**

2. निम्नांकित चित्रों के नाम संस्कृत में लिखिए–

कन्या



अजा



सूचिका



लूता

सारिका



ऊर्मिका

3. निम्नांकित चित्रों के सही नाम पर सही (✓) का चिह्न लगाइए–

अजा ✓ सारिका लूता

छुरी ✓ सूई बाला

क्रियात्मक गतिविधि–

उत्तरम्– विद्यार्थी स्वयं करें।

5 आकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्दानां प्रयोगः (एकवचनम्)

अभ्यास

1. निम्नांकित चित्रों को देखकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

उत्तर (क) एषा **नौका** अस्ति।

(ख) सा **सूचिका** अस्ति।



(ग) इयं **कन्या** अस्ति।

(घ) सा **लोमशिका** अस्ति।

2. निम्नलिखित वाक्यों का हिंदी में अनुवाद कीजिए–

उत्तर (क) यह कौन है?

(ख) यह लड़की है।

(ग) वह अंगूठी है।

3. निम्नलिखित शब्दों को संस्कृत में लिखिए–

उत्तर (क) नाव **नौका** (ख) लोमड़ी **लोमशिका**

(ग) लड़की **कन्या** (घ) सुई **सूचिका**

क्रियात्मक गतिविधि–

उत्तरम्– विद्यार्थी स्वयं करें।

6 संज्ञा शब्दः आकारान्त नपुंसकलिङ्गम् (एकवचनम्)

अभ्यास

1. निम्नांकित चित्रों के नाम संस्कृत में लिखिए।

उत्तर

द्राक्षाफलम्

आभूषणम्

वायुयानम्

उद्यानम्

गृहम्

पुष्पम्

2. तीन निर्जीव वस्तुओं के नाम संस्कृत में लिखिए–

उत्तर (क) **कन्दुकम्** (ख) **पात्रम्** (ग) **पुस्तकम्**

3. उचित मिलान कीजिए–

उत्तर

(क) गृहम्	(i) आभूषण
(ख) पर्णम्	(ii) पत्र
(ग) आभूषणम्	(iii) घर
(घ) पत्रम्	(iv) पत्ता

क्रियात्मक गतिविधि–

उत्तरम्– विद्यार्थी स्वयं करें।

7 अकारान्त नपुंसकलिङ्ग शब्दानां प्रयोगः (एकवचनम्)

अभ्यास

1. निम्नांकित चित्रों को देखकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

उत्तर (क) एतत् **किम्** अस्ति?
एतत् **पत्रम्** अस्ति।



(ख) तत् किम् अस्ति?
तत् **फलम्** अस्ति।

(ग) एतत् **किम्** अस्ति?
एतत् **औषधम्** अस्ति।



(घ) **तत्** किम् अस्ति?
तत् **बसयानम्** अस्ति।

2. निम्नलिखित शब्दों को संस्कृत में लिखिए–

उत्तर

(क) वह	**तत्**	(ख) यह	**एतत्**
(ग) क्या	**किम्**	(घ) बस	**बसयानम्**
(ङ) आँख	**नेत्रम्**	(च) पत्र	**पत्रम्**
(छ) फल	**फलम्**	(ज) दवाई	**औषधम्**
(झ) कमल	**कमलम्**	(ञ) खिलौना	**क्रीडनकम्**

3. निम्नलिखित वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए–

उत्तर (क) तत् बसयानम् अस्ति।

(ख) तत् किम् अस्ति?

(ग) एतत् पत्रम् अस्ति।

(घ) एतत् किम् अस्ति।

क्रियात्मक गतिविधि–

उत्तरम्– विद्यार्थी स्वयं करें।

8 वचनबोधम्

अभ्यास

1. सही विकल्प पर (✓) लगाइए–

उत्तर (क) बालकः (ख) बालिके (ग) पात्राणि

2. निम्नांकित चित्रों के नाम वचनानुसार संस्कृत में लिखिए–

उत्तर

बालकौ

कन्दुकानि

अश्वः



मत्स्याः

पात्रम्

बालिके

3. निम्नलिखित शब्दों के वचन तथा लिङ्ग लिखिए–

	शब्दः	**वचनम्**	**लिङ्गम्**
उत्तर	(क) बालकाः	**बहुवचनम्**	**पुंल्लिङ्गम्**
	(ख) कन्दुके	**द्विवचनम्**	**नपुंसकलिङ्गम्**
	(ग) अश्वौ	**द्विवचनम्**	**पुंल्लिङ्गम्**
	(घ) मत्स्या	**एकवचनम्**	**स्त्रीलिङ्गम्**
	(ङ) पात्रे	**द्विवचनम्**	**नपुंसकलिङ्गम्**

4. निम्नलिखित शब्दों को संस्कृत में लिखिए–

उत्तर	(क) दो गेंदें	**कन्दुके**
	(ख) एक लड़की	**बालिका**
	(ग) एक बालक	**बालकः**
	(घ) दो घोड़े	**अश्वौ**
	(ङ) दो बर्तन	**पात्रे**
	(च) एक गेंद	**कन्दुकम्**
	(छ) दो मछलियाँ	**मत्स्ये**
	(ज) बहुत-सी गेंदें	**कन्दुकानि**
	(झ) बहुत-से घोड़े	**अश्वाः**
	(ञ) बहुत-सी लड़कियाँ	**बालिकाः**

क्रियात्मक गतिविधि–

उत्तरम्– विद्यार्थी स्वयं करें।

9 सर्वनाम शब्द (प्रथम पुरुषः)

अभ्यास

1. सही विकल्प पर (✓) लगाइए–

उत्तर (क) बालकः पठति। (ख) कोकिला कूजति।

(ग) एतानि पुष्पाणि सन्ति।

2. निम्नलिखित सर्वनाम शब्दों के लिए पाठ में दिए गए संस्कृत शब्द लिखिए–

		पुंल्लिङ्गम्	**स्त्रीलिङ्गम्**	**नपुंसकलिङ्गम्**
उत्तर	(क) यह	**एषः**	**एषा**	**एतत्**
	(ख) वह	**सः**	**सा**	**तत्**

3. निम्नलिखित शब्दों के आगे 'यह' की संस्कृत लिङ्ग के अनुसार लिखिए–

उत्तर (क) **एषा** उर्मिका। (ख) **एषः** बालः।

(ग) **एतत्** पुस्तकम् अस्ति। (घ) **एतत्** पुष्पम्।

(ङ) **एषः** पठति। (च) **एषा** उड्डयति।

4. निम्नलिखित शब्दों के आगे 'वह' की संस्कृत लिङ्ग के अनुसार लिखिए–

उत्तर (क) **सः** बालकः। (ख) **सा** मक्षिकाः।

(ग) **सा** कूजति। (घ) **तत्** कदलीफलम्।

(ङ) **सा** लूता। (च) **सः** गजः।

5. निम्नलिखित वाक्यों को संस्कृत में लिखिए–

उत्तर (क) एते बालिके लिखतः।

(ख) एतानि पुस्तकानि सन्ति।

(ग) एषः रामः अस्ति।

क्रियात्मक गतिविधि–

उत्तरम्– विद्यार्थी स्वयं करें।

10 सर्वनाम शब्द (मध्यम पुरुषः, उत्तम पुरुषः)

अभ्यास

1. कोष्ठक में से सही शब्दों का प्रयोग करके रिक्त स्थान भरिए–

उत्तर (क) **अहं** लिखामि। (ख) **आवां** क्रीडावः।

(ग) **आवां** कूर्दावः। (घ) **वयं** नृत्यामः।

(ङ) **वयं** गच्छामः। (च) **अहं** पठामि।

2. निम्नलिखित वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए–

उत्तर (क) अहं क्रीडामि।

(ख) आवां स्वपावः।

(ग) वयं जलं पिबामः।

(घ) आवां कूर्दावः।

(ङ) वयं पठामः।

3. चित्रों को देखकर सही शब्द पर (✓) लगाइए–

उत्तर

अहं गच्छामि।

आवां हसावः।

अहं नृत्यामि।

आवां कूर्दावः।

4. उचित मिलान कीजिए–

उत्तर



क्रियात्मक गतिविधि–

उत्तरम्– विद्यार्थी स्वयं करें।

11 क्रियापदानां परिचयः

अभ्यास

1. निम्नलिखित हिंदी क्रिया शब्दों की संस्कृत लिखिए–

उत्तर (क) खेलना **क्रीड्** (ख) हँसना **हस्**

(ग) गिरना **पत्** (घ) कूदना **कूर्द्**

(ङ) पढ़ना **पठ्** (च) दौड़ना **धाव्**

(छ) चलना **चल्** (ज) जाना **गम्, गच्छ्**

2. निम्नलिखित क्रिया शब्दों को उनके अर्थ से मिलाइए–

उत्तर



3. निम्नलिखित क्रिया शब्दों को वचन के अनुसार अलग-अलग लिखिए-

उत्तर

एकवचनम्	धावति	लिखति	नमति	अस्ति	
द्विवचनम्	पठतः	रूदतः	हसतः	पिबतः	
बहुवचनम्	रक्षन्ति	कर्षन्ति	गच्छन्ति	खादन्ति	

12 क्रिया शब्दों का वाक्यों में प्रयोग

अभ्यास

1. निम्नलिखित शब्दों को हिंदी में लिखिए-

उत्तर

एष :	**यह**	एषा	**यह**
एतत्	**यह**		
चिकित्सकः	**चिकित्सक, डॉक्टर**	फले	**दो फल**
सः	**वह**	कूर्दति	**कूदता है**
तत्	**वह**	पततः	**दो गिरते हैं**

2. कोष्ठक में से सही शब्दों का प्रयोग करके रिक्त स्थान भरिए-

उत्तर (क) **सः** चिकित्सयति (ख) **ते** पतन्ति
(ग) **आवां** कर्षावः। (घ) **यूयं** गच्छथ।
(ङ) **युवां** क्रीडथः।

3. निम्नलिखित धातुओं को मध्यम पुरुष की क्रिया के रूप में लिखिए-

	धातुः	एकवचनम्	द्विवचनम्	बहुवचनम्
उत्तर	(क) खाद्	**खादसि**	**खादथः**	**खादथ**
	(ख) पठ्	**पठसि**	**पठथः**	**पठथ**
	(ग) लिख्	**लिखसि**	**लिखथः**	**लिखथ**
	(घ) गम्	**गच्छसि**	**गच्छथः**	**गच्छथ**

4. निम्नलिखित धातुओं को उत्तम पुरुष की क्रिया के रूप में लिखिए-

	धातुः	एकवचनम्	द्विवचनम्	बहुवचनम्
उत्तर	(क) गम्	**गच्छामि**	**गच्छावः**	**गच्छामः**
	(ख) क्रीड्	**क्रीडामि**	**क्रीडावः**	**क्रीडामः**
	(ग) नम्	**नमामि**	**नमावः**	**नमामः**
	(घ) चल्	**चलामि**	**चलावः**	**चलामः**

5. निम्नलिखित वाक्यों को उनके अर्थ से मिलाइए-

उत्तर

(क) सः पठति।	(i) हम (दो) नमस्कार करते हैं।
(ख) ते पठतः।	(ii) फल गिरता है।
(ग) त्वं गच्छसि।	(iii) वह पढ़ता है।
(घ) आवां नमावः।	(iv) वे (दो) पढ़ती हैं।
(ङ) फलं पतति।	(v) तुम जाती हो।

13 उपदेशः

अभ्यास

- **निम्नांकित चित्रों को देखकर लिखिए कि चित्र में क्या हो रहा है?**

उत्तर

बालकौ क्रीडतः।

बालिके नृत्यतः।

कन्या विद्यालयं गच्छति।

जनः भिक्षां ददाति।

14 संख्याबोधक शब्दाः

अभ्यास

1. निम्नलिखित संख्याओं को हिंदी में लिखिए-

उत्तर (क) द्वादश **बारह** (ख) विंशतिः **बीस**
(ग) सप्तविंशति **सत्ताईस** (घ) त्रिंशत् **तीस**
(ङ) त्रयस्त्रिंशत् **तैंतीस**
(च) एकोनचत्वारिंशत् **उनतालीस**
(छ) द्वाचत्वारिंशत् **बयालीस**
(ज) षड्विंशतिः **छब्बीस**

2. निम्नलिखित संख्याओं को हिंदी में लिखिए-

8	आठ	27	सत्ताईस
11	ग्यारह	38	अड़तीस
13	तेरह	42	बयालीस
24	चौबीस	50	पचास
28	अट्ठाईस	49	उनचास

आदर्श प्रश्न-पत्र - 1

1. निम्नांकित चित्रों के नाम संस्कृत में लिखिए-

उत्तर

गजः

सिंहः

नासिका

द्राक्षाफलम्

ऊर्मिका

वृक्षः

2. निम्नलिखित शब्दों को संस्कृत में लिखिए-

उत्तर (क) घोड़ा **अश्वः** (ख) लोमड़ी **लोमशिका**
(ग) पेड़ **वृक्षः** (घ) सूई **सूचिका**
(ङ) लड़की **बालिका** (च) पत्र **पत्रम्**
(छ) बस **बसयानम्** (ज) हिरण **मृगः**
(झ) बैल **वृषभः** (ञ) चंद्रमा **चन्द्रः**

3. सही मिलान कीजिए-

उत्तर



आदर्श प्रश्न-पत्र - 2

1. सही विकल्प पर (✓) लगाइए-

उत्तर (क) बालिके (ख) पात्राणि (ग) कोकिला कूजति

2. निम्नलिखित हिंदी क्रियापदों की संस्कृत लिखिए-

उत्तर (क) खेलना **क्रीड्** (ख) कूदना **कूर्द्**
(ग) गिरना **पत्** (घ) दौड़ना **धाव्**
(ङ) आना **आगच्छ्** (च) जाना **गम्**
(छ) पढ़ना **पठ्** (ज) हँसना **हस्**

3. निम्नांकित चित्रों को देखकर लिखिए कि चित्र में क्या हो रहा है?

बालिका खादति।

बालिके कूर्दतः।

बालकः नमति।

बालकः खादति।

छात्राः पठन्ति।

बालकः पिबति।

संस्कृत भाग 3

1 वन्दना

उत्तर– विद्यार्थी स्वयं करें।

2 कर्ता कारकम्

हिन्दी अनुवाद–

यह एक खरगोश है। खरगोश वन में रहता है। खरगोश एक चतुर पशु होता है। खरगोश बहुत तेज दौड़ता है।

यह गंगा नदी है। गंगा का जल स्वच्छ और शुद्ध होता है। यह हरिद्वार इलाहाबाद, वाराणसी इत्यादि नगरों में बहता है। यहाँ अनेक भक्त रहते हैं। इसके तट पर अनेक वृक्ष भी हैं। इन वृक्षों पर अनेक पक्षी भी रहते हैं।

यह बगीचा है। बगीचा सुंदर है। यहाँ अनेक वृक्ष और लताएँ हैं। लताओं पर अनेक फूल हैं। फूल सुंदर हैं। यहाँ कमल के फूल भी हैं।

मैं एक छात्र हूँ। तुम भी एक छात्र हो। हम दोनों विद्यालय जाते हैं। तुम दोनों भी विद्यालय जाते हो। हम सब यहाँ खेलते हैं। तुम सब भी खेलते हो।

अभ्यास

पाठ-बोध

1. सही विकल्प पर (✓) लगाइए–

उत्तर (क) वने (ख) पुष्पाणि (ग) उभयविधम्

2. निम्नलिखित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

उत्तर (क) शशकः एकः **चतुरः** पशुः भवति।
(ख) **एषा** गङ्गा नदी अस्ति।
(ग) उपवनं **रमणीयम्** अस्ति।
(घ) अत्र **कमलानि** अपि सन्ति।

3. निम्नलिखित विशेषणों को विशेष्यों से मिलाइए–

उत्तर

विशेषण	विशेष्य
(क) चतुरः	(ii) शशकः
(ख) स्वच्छं	(iii) गङ्गाजलम्
(ग) रमणीयं	(iv) उपवनम्
(घ) मनोहराणि	(i) पुष्पाणि

4. सत्य कथन पर सही (✓) तथा असत्य कथन पर गलत (✗) का चिह्न लगाइए–

उत्तर (क) ✓ (ख) ✗ (ग) ✗ (घ) ✓

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

उत्तर (क) शशकः वने निवसति।
(ख) वृक्षेषु खगाः निवसन्ति।
(ग) लतासु अनेकानि पुष्पाणि सन्ति।

भाषा-बोध

1. निम्नलिखित क्रिया शब्दों को उदाहरण के अनुसार लिखिए–

	एकवचनम्	द्विवचनम्	बहुवचनम्
उत्तर (क)	गच्छति	**गच्छतः**	**गच्छन्ति**
(ख)	खादति	**खादतः**	**खादन्ति**
(ग)	पठति	**पठतः**	**पठन्ति**
(घ)	हसति	**हसतः**	**हसन्ति**
(ङ)	लिखति	**लिखतः**	**लिखन्ति**
(च)	धावति	**धावतः**	**धावन्ति**

2. निम्नलिखित वाक्यों को संस्कृत में लिखिए–

उत्तर (क) एषः एकः शशकः अस्ति।
(ख) शशकः वने वसति।
(ग) एषा गङ्गा नदी अस्ति।
(घ) गङ्गाजलं स्वच्छं शुद्धं च भवति।
(ङ) एतत् उपवनम् अस्ति।
(च) पुष्पं सुन्दरम् अस्ति।

3. निम्नलिखित संस्कृत शब्दों को हिंदी में लिखिए–

उत्तर (क) शशक: **खरगोश** (ख) चतुर: **चतुर**
(ग) नगरे **नगर में** (घ) अपि **भी**
(ङ) लतासु **लताओं पर** (च) अत्र **यहाँ**
(छ) आवाम् **हम दोनों** ज) यूयम् **तुम सब**

रचनात्मक गतिविधि

उत्तरम्– विद्यार्थी स्वयं करें।

3 कर्म कारकम्

हिन्दी अनुवाद–

लड़का क्या खाता है?
वह केला खाता है।
(दो) लड़के क्या खाते हैं?
वे दोनों केले खाते हैं।

लड़का क्या खाएगा?
वह आम खाएगा।
(दो) लड़के क्या खाएँगे?
वे दोनों आम खाएँगे।

लड़के क्या खाते हैं?
वे सब केले खाते हैं।
लड़के क्या खाएँगे?
वे आम खाएँगे।

तुम विद्यालय कब जाते हो?
तुम दोनों पुस्तकें पढ़ते हो।
तुम सब पुस्तकें पढ़ोगे।
लड़के श्लोक पढ़ेंगे।

मैं तुम्हें देखता हूँ।
तुम मुझे देखते हो।
तुम दोनों हम दोनों को देखते हैं।
तुम दोनों हम दोनों को देखते हो।
हम सब तुम्हें देखते हैं।
तुम सब हमें देखते हो।

मैं सत्य बोलूँगा।
तुम भी सत्य बोलोगे।
वे भी सत्य बोलेंगे।

अभ्यास

पाठ–बोध

1. सही विकल्प पर (✓) लगाइए–

उत्तर (क) कदलीफलम् (ख) श्लोकान्
(ग) मां (घ) सत्यं

2. निम्नलिखित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

उत्तर (क) ते **आम्राणि** खादिष्यन्ति।
(ख) ते **कदलीफलानि** खादन्ति।
(ग) यूयं **पुस्तकानि** पठिष्यथ।
(घ) वयं **युष्मान्** पश्याम:।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

उत्तर (क) बालकौ कदलीफले खादत:।
(ख) अहं विद्यालयं प्रात: सप्तवादने गच्छामि।
(ग) बालक: सत्यं वदिष्यति।
(घ) बालका: सत्यं वदिष्यन्ति।

भाषा–बोध

1. निम्नलिखित शब्दों का हिंदी में अर्थ लिखिए–

उत्तर (क) बालक: **लड़का** (ख) त्वम् **तुम**
(ग) ते **वे सब** (घ) खादन्ति **खाते हैं**
(ङ) युवाम् **तुम दोनों** (च) आम्रम् **आम**
(छ) आम्रे **दो आम**
(ज) खादत: **(दो) खाते हैं**

2. कर्म कारक के अनुसार कोष्ठक में दिए गए शब्दों के द्वितीया विभक्ति के उचित रूप लिखकर वाक्य पूरे कीजिए–

उत्तर (क) छात्रा: पत्रं लिखन्ति।
(ख) सर्वा: छात्रा: पुस्तकानि पठन्ति।
(ग) वयं जलं पिबाम:।
(घ) अहं शयनं करोमि।
(ङ) सायङ्काले सर्वे गृहम् आगच्छन्ति।

रचनात्मक गतिविधि

उत्तरम्– विद्यार्थी स्वयं करें।

4 करण कारकम्

हिन्दी अनुवाद–

बालक मुँह से खाता है। हिरण मुँह से घास खाता है।
बालक आँखों से देखता है। हिरण आँखों से देखता है।
बालक दाँतों से खाता है। हिरण पैरों से चलता है।
बालक पैरों से दौड़ता है।

भिक्षुक पैर से लँगड़ा है।
हाथी सूँड से भार ढोता है।
सैनिक तलवार से रक्षा करता है।

बालक गेंद से खेलता है।
शिव हाथों से क्या करता है?
शिव हाथों से फूलों द्वारा शिव की अर्चना करता है।
पिता के साथ पुत्र जाते हैं।

अभ्यास

पाठ-बोध

1. सही विकल्प पर (✓) लगाइए–

उत्तर (क) मुखेन (ख) पादाभ्याम्
(ग) पादैः (घ) खड्गेन

2. निम्नलिखित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

उत्तर (क) बालक **नेत्राभ्यां** पश्यति।
(ख) मृगः **मुखेन** तृणानि खादति।
(ग) वृषभ **स्कन्धाभ्यां** भारं वहति।
(घ) भिक्षुकः **पादेन** खञ्जः अस्ति।
(ङ) जनकैः **पुत्राः** गच्छन्ति।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

उत्तर (क) बालकः मुखेन खादति।
(ख) मृगः पादैः चलति।
(ग) शिवः हस्ताभ्यां पुष्पैः शिवम् अर्चयति।
(घ) सैनिकः खड्गेन रक्षति।

भाषा-बोध

1. निम्नलिखित शब्दों के तृतीया विभक्ति के रूप लिखिए–

		एकवचनम्	द्विवचनम्	बहुवचनम्
उत्तर	(क) छात्र	**छात्रेण**	**छात्राभ्याम**	**छात्रैः**
	(ख) लता	**लतया**	**लताभ्याम्**	**लताभिः**
	(ग) वृक्ष	**वृक्षेण**	**वृक्षाभ्याम्**	**वृक्षैः**
	(घ) फल	**फलेन**	**फलाभ्याम्**	**फलैः**
	(ङ) शिव	**शिवेन**	**शिवाभ्याम्**	**शिवैः**

2. रंगीन छपे पदों के आधार पर प्रश्न-निर्माण कीजिए–

उत्तर (क) बालकः कैः सह क्रीडति?
(ख) मनोजः केन काणः अस्ति?
(ग) छात्रः केन लिखति?
(घ) वयं काभ्यां कार्यं कुर्मः?
(ङ) ते केन विदेशं गच्छन्ति?
(च) छात्राः कया विनम्राः भवन्ति?

3. निम्नलिखित वाक्यों में से तृतीया विभक्ति वाले शब्द छाँटकर लिखिए–

उत्तर (क) फेनिलेन (ख) शिक्षया (ग) बाणेन (घ) हलेन

4. निम्नलिखित वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए–

उत्तर (क) मोहनः कलमेन लिखति।
(ख) रजकः फेनिलेन वस्त्राणि क्षालयति।
(ग) जनाः विमानेन विदेशं गच्छन्ति।
(घ) माता छुरिकया फलं कृन्तति।
(ङ) बालकाः कन्दुकेन क्रीडन्ति।

5. सही शब्द पर चिह्न (✓) लगाइए–

उत्तर (क) बालकः **नेत्राभ्याम्** पश्यति।
(ख) मृगः **मुखेन** तृणानि खादति।
(ग) वृषभः **पादैः** चलति।
(घ) भिक्षुकः **पादेन** खञ्जः अस्ति।
(ङ) जनकैः सह **पुत्राः** गच्छन्ति।

रचनात्मक गतिविधि

उत्तरम्– विद्यार्थी स्वयं करें।

5 सम्प्रदान कारकम्

हिन्दी अनुवाद–

सैनिक देश के लिए होता है।
शिक्षक छात्रों के लिए पुस्तक लाता है।
किसान अन्न के लिए खेत को जोतता है।
शिव को नमस्कार।

घर रहने के लिए होता है।
बरतन भोजन के लिए होते हैं।
माता पुत्रों को भोजन देती है।
माता जल के लिए कुएँ को जाती है।

सेठ निर्धन को वस्त्र देता है।
वृक्ष लोगों को फल देते हैं।
अग्नि को समर्पित।
दीपक प्रकाश के लिए होता है।
क्रोध नाश के लिए होता है।

विद्या ज्ञान के लिए होती है।
विद्यालय शिक्षा के लिए होते हैं।
छात्र पढ़ने के लिए विद्यालय जाते हैं।
शिक्षक छात्रों को ज्ञान देता है।

अभ्यास

पाठ-बोध

1. सही विकल्प पर (✓) लगाइए–

उत्तर (क) देशाय (ख) पुत्रेभ्य
(ग) जनेभ्य (घ) ज्ञानाय

2. निम्नलिखित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

उत्तर (क) कृषक **अन्नाभ** क्षेत्रं कर्षति।
(ख) माता **जलाय** कूपं गच्छति।
(ग) सैनिक: **देशाय** भवति।
(घ) विद्यालया: **शिक्षायै** भवन्ति।
(ङ) क्रोध: **नाशाय** भवति।

3. सत्य कथन पर सही (✓) तथा असत्य कथन पर गलत (✗) का चिह्न लगाइए–

उत्तर (क) ✓ (ख) ✓ (ग) ✗
(घ) ✓ (ङ) ✗

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

उत्तर (क) शिक्षक: छात्राभ्यां पुस्तकम् आनयति।
(ख) गृहं नाशाय भवति।
(ग) वृक्षा: जनेभ्य: फलानि यच्छन्ति।
(घ) शिक्षक: छात्रेभ्य ज्ञानं ददाति।

भाषा-बोध

1. निम्नलिखित वाक्यों के रंगीन पदों को निर्देशानुसार बदलिए–

उत्तर (क) मालाकार: देवेभ्य: माला: रचयति।
(ख) देवाय नम:।
(ग) जन: कार्याय कार्यालयं गच्छति।
(घ) नृप: याचकाभ्यां यच्छति।
(ङ) जनक: पुत्राय क्रुध्यति।

2. निम्नलिखित शब्दों का स्व रचित संस्कृत वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

उत्तर (क) माता याचकाय भोजनं ददाति।
(ख) गणेशाय नम:।
(ग) वृक्षा: परोपकाराय फलन्ति।
(घ) विद्यायै सदा प्रयासं कुरूत।
(ङ) सूर्य: प्रकाशाय उदेति।

रचनात्मक गतिविधि

उत्तरम्- विद्यार्थी स्वयं करें।

6 अपादान कारकम्

हिन्दी अनुवाद–

विकास गाँव से आता है। वह सुबह घर से विद्यालय जाता है। वहाँ वह पढ़ाई करता है। वह खेल के मैदान को खेलने जाता है। उसके बाद विद्यालय से अपने घर वापस आता है।

वह बस से विद्यालय से आता है। इसलिए वह ध्यान से बस से उतरता है। वह वृक्ष से फल तोड़ता है। फल के साथ बहुत-से पत्ते भी वृक्ष से गिरते हैं। शाम को विकास गाँव से दूध लाता है। वह दुकान से पुस्तक आदि लाता है।

उसका गाँव गंगा के किनारे है। बहुत-से लोग उसका पवित्र जल लाते हैं। यह स्वच्छ और शुद्ध होता है। गंगाजल में कीड़े पैदा नहीं होते हैं। गंगा हिमालय से निकलती है।

अभ्यास

पाठ-बोध

1. सही विकल्प पर (✓) लगाइए-

उत्तर (क) ग्रामात् (ख) वृक्षात्
(ग) हिमालयात् (घ) गङ्गातटे

2. निम्नलिखित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

उत्तर (क) विकासः **ग्रामात्** आगच्छति।
(ख) तत्र सः **अध्ययनं** करोति।
(ग) सः **बसयानेन** विद्यालयात् आगच्छति।
(घ) **गङ्गाजलं** स्वच्छं शुद्धं च भवति।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

उत्तर (क) ग्रामात् विकासः आगच्छति।
(ख) विकासः बसयानात् अवतरति।
(ग) विकासः आपणात् पुस्तकादीनि आनयति।
(घ) विकासः ग्रामे वसति।

भाषा-बोध

1. निम्नलिखित वाक्यों में अपादान कारक को रेखांकित कीजिए-

उत्तर (क) ग्रामात् (ख) गृहात्
(ग) विद्यालयात् (घ) हिमालयात्

2. निम्नलिखित को उदाहरण के अनुसार लिखिए-

उत्तर (क) रामात् = **रामाभ्याम्** **रामेभ्यः**
(ख) ग्रामात् = **ग्रामाभ्याम्** **ग्रामेभ्यः**
(ग) नगरात् = **नगराभ्याम्** **नगरेभ्यः**
(घ) वृक्षात् = **वृक्षाभ्याम्** **वृक्षेभ्यः**
(ङ) आपणात् = **आपणाभ्याम्** **आपणेभ्यः**

3. निम्नलिखित शब्दों का पञ्चमी विभक्ति में प्रयोग कीजिए-

उत्तर (क) ग्राम = मम मित्रं **ग्रामात्** आगच्छति।
(ख) आपणम् = अहम् **आपणात्** वस्तूनि आनयामि।
(ग) वृक्षः = वानरः **वृक्षात्** अवतरति।
(घ) गृहम् = लता **गृहात्** विद्यालयं गच्छति।
(ङ) लता = **लतायाः** पुष्पाणि पतन्ति।

रचनात्मक गतिविधि

उत्तरम्- विद्यार्थी स्वयं करें।

7 सम्बन्ध कारकम्

हिन्दी अनुवाद–

यह राम का बगीचा है। विकास उसका घनिष्ठ मित्र है। बगीचे का वातावरण बहुत सुंदर है। इसके बीच में फूल खिलते हैं। माली पौधों को सींचता है। बगीचे की सुंदरता बहुत रमणीय और अवर्णनीय है। बरसात के मौसम के उत्सवों का आयोजन इस बगीचे में होता है। नगरों के स्त्री पुरुष आकर बगीचे की सुंदरता देखकर प्रसन्न होते हैं।

विद्यालय के छात्र भी प्रतिवर्ष घूमने के लिए आते हैं। उनके साथ अध्यापक और अध्यापिकाएँ भी आते हैं। विद्यालय के आचार्य छात्रों को वृक्षों के उपकार को बताते हैं। वृक्ष सदा लोगों का उपकार करते हैं। सदा प्रकृति के प्रहार सहकर हमें फलों का उपहार देते हैं। वृक्ष किसानों के खेती-उत्पादन में अपने पत्ते खाद के रूप में प्रयोग करके अन्न-वृद्धि करते हैं। रोग रहित रहने के लिए वृक्षों का महत्त्व अधिक है। इसलिए हम अधिक-से-अधिक वृक्षों को लगाकर प्रकृति के सौंदर्य में वृद्धि करें।

अभ्यास

पाठ-बोध

1. सही विकल्प पर (✓) लगाइए-

उत्तर (क) उद्यानम् (ख) पुष्पाणि
(ग) मालाकार: (घ) छात्रा:
(ङ) आचार्य:

2. निम्नलिखित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

उत्तर (क) इदं **रामस्य** उद्यानम् अस्ति।
(ख) उद्यानस्य **वातावरण:** अति सुन्दर: अस्ति।
(ग) **वृक्षा:** जनानां सर्वदा उपकारं कुर्वन्ति।
(घ) **नीरोगाय** वृक्षाणां महत्त्वम् अधिकम् अस्ति।

3. सुमेल कीजिए-

उत्तर

'अ'	**'ब'**
(क) वृक्षाणाम्	(i) रोपणम्
(ख) उद्यानस्य	(ii) उपकारम्
(ग) शोभा	(iii) वातावरण:
(घ) वृक्षाणां	(iv) अतिरम्या

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

उत्तर (क) उद्यानं रामस्य अस्ति।
(ख) वर्षाकालस्य उत्सवा: अस्मिन्नेव उद्याने भवन्ति।
(ग) वृक्षा: जनानां महत-उपकारं कुर्वन्ति।
(घ) उद्यानस्य मध्ये पुष्पाणि विकसन्ति।

भाषा-बोध

1. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

उत्तर (क) मित्रस्य इदं मम **मित्रस्य** उपवनम् अस्ति।
(ख) पर्यटनाय जना: अत्र **पर्यटनाय** आगच्छन्ति।
(ग) आगत्य अहम् अत्र **आगत्य** व्यायामादिकं करोमि।
(घ) कृत्वा व्यायामं **कृत्वा** पुन: गृहं गच्छामि।

2. निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त विभक्ति तथा वचन लिखिए-

	शब्दा:	**विभक्ति:**	**वचनम्**
उत्तर (क)	मित्रस्य	**षष्ठी**	**एकवचनम्**
(ख)	वृक्षान्	**द्वितीया**	**बहुवचनम्**
(ग)	पर्यटनाय	**चतुर्थी**	**एकवचनम्**
(घ)	वृक्षाणाम्	**षष्ठी**	**बहुवचनम्**

3. निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए-

उत्तर (क) यह राम का बगीचा है।
(ख) बगीचे की सुंदरता बहुत रमणीय और अवर्णनीय है।
(ग) विद्यालय के छात्र भी प्रतिवर्ष घूमने के लिए आते हैं।
(घ) हम वृक्षों को लगाकर प्रकृति के सौंदर्य में वृद्धि करें।

रचनात्मक गतिविधि

उत्तरम्- विद्यार्थी स्वयं करें।

8 अधिकरण कारकम्

हिन्दी अनुवाद-

भारतदेश हमारी जन्मभूमि है। भारतदेश में अनेक गाँव हैं। भारत में नगर, वन और उपवन भी हैं। गाँवों में मुख्यत: किसान रहते हैं। नगरों में मुख्यत: धनी लोग रहते हैं।

भारतीयों में किसान प्रमुख हैं। वे ग्रीष्मकाल, शीतकाल तथा वर्षा में भी परिश्रम करते हैं। गाँव-गाँव और नगर-नगर में श्रमिक भी रहते हैं। वे विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करते हैं।

उपवनों में अनेक वृक्ष होते हैं। वहाँ लताएँ भी होती हैं। लताओं पर फूल खिलते हैं। वृक्षों पर पक्षी और फूलों पर भौरें बैठते है। छात्र अध्ययन में कुशल हैं।

यह वन है। इस वन में एक तालाब है। तालाब में मनोहर सुंदर कमल है। कमलों पर भौरे उड़ते हैं। वृक्षों पर फल हैं। पक्षी फल खाते हैं।

अभ्यास

पाठ-बोध

1. सही विकल्प पर (✓) लगाइए-

उत्तर (क) जन्मभूमि: (ख) ग्रामा:
(ग) ग्रामा: (घ) श्रमिका:
(ङ) क्षेत्रेषु

2. निम्नलिखित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

उत्तर (क) उपवने बहव: **वृक्षा:** सन्ति।
(ख) सरोवरे **कमलानि** विकसन्ति।
(ग) ते **क्षेत्रेषु** कार्यं कुर्वन्ति।
(घ) खगा: **फलानि** खादन्ति।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

उत्तर (क) ग्रामेषु मुख्यत: कृषका: वसन्ति।
(ख) नगरेषु मुख्यत: धनिका: वसन्ति।
(ग) सरोवर: वने अस्ति।
(घ) 'भारतम्' इति मम देशस्य नाम।

भाषा-बोध

1. निम्नलिखित वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए-

उत्तर (क) भारतदेश: अस्माकं जन्मभूमि: अस्ति।
(ख) भारतीयेषु कृषका: प्रमुखा: सन्ति।
(ग) वृक्षेषु खगा: पुष्पेषु च भ्रमरा: तिष्ठन्ति।
(घ) जले कमलम् अस्ति।
(ङ) छात्रा: पुस्तकेषु चित्राणि पश्यन्ति।

2. निम्नलिखित शब्दों के रिक्त स्थानों में द्विवचन तथा बहुवचन के रूप लिखिए-

	एकवचनम्	द्विवचनम्	बहुवचनम्
उत्तर	जने	**जनयो:**	**जनेषु**
	वने	**वनयो:**	**वनेषु**
	कपोते	**कपोतयो:**	**कपोतेषु**
	वृक्षे	**वृक्षयो:**	**वृक्षेषु**
	कूपे	**कूपयो:**	**कूपेषु**
	ग्रामे	**ग्रामयो:**	**ग्रामेषु**

रचनात्मक गतिविधि

उत्तरम्- विद्यार्थी स्वयं करें।

9 सम्बोधनम्

हिन्दी अनुवाद-

छात्रा : — हे अध्यापिका! हम तुम्हें प्रणाम करते हैं।
अध्यापिका — हे छात्रो! दीर्घायु होओ, बैठो।
वरुण : — हे अध्यापिका! आज तो हमारी मौखिक परीक्षा है।
अध्यापिका — क्या तुम सब परीक्षा के लिए तैयार हो?
छात्रा : — हाँ।
अध्यापिका — हे प्रज्ञा! तुम बोलो। हमारे देश का नाम क्या है।
प्रज्ञा — भारतवर्ष।
अध्यापिका — हे वरुण! तुम कहो, भारतवर्ष पहले क्या कहलाता था?
वरुण — पहले भारतवर्ष 'आर्यावर्त' कहलाता था।
अध्यापिका — हे लता! भारत की सबसे पवित्र नदी कौन-सी है?
लता — भागीरथी।
अध्यापिका — सही कहा। हे रमा! यह नदी कहाँ से निकलती है?
रमा — हिमालय से।
अध्यापिका — हमारे देश की उत्तर दिशा में क्या है? हे लतिका! तुम बोलो।
लतिका — हमारे देश की उत्तर दिशा में पर्वतराज हिमालय है।
अध्यापिका — सही, भारत की दक्षिण दिशा में क्या है? हे अनिल! तुम बोलो।
अनिल — हे अध्यापिका! मैं तो इस प्रश्न का उत्तर नहीं जानता हूँ। कृपया आप ही कहें।
अध्यापिका — इसकी दक्षिण दिशा में सागर है।

अनिल — धन्यवाद!

अध्यापिका — है रवि! भारत की सबसे प्राचीन मधुरतम भाषा कौन-सी है?

रवि — 'संस्कृत' ही भारत की सबसे प्राचीन भाषा है।

अध्यापिका — अब समय समाप्त हुआ। कल मिलेंगे।

अभ्यास

पाठ-बोध

1. सही विकल्प पर (✓) लगाइए-

उत्तर (क) त्वाम् (ख) आर्यावर्तः

(ग) दिशायाम् (घ) कालांशः

2. कोष्ठक में दिए गए पदों में संबोधन का प्रयोग करके रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

उत्तर (क) **हे शुक!** त्वं किं खादसि?

(ख) **हे सूर्य!** वयं त्वां प्रणमामः।

(ग) **हे अध्यापिके!** भवती कुत्र गच्छति?

(घ) **हे छात्रे!** युवां कुत्र धावथः?

(ङ) **हे अम्बे!** त्वं किं पचसि?

(च) **हे मयूर!** आवाम् अपि नृत्यावः।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

उत्तर (क) भारतस्य पवित्रतमा नदी 'भागीरथी' इति।

(ख) अस्माकं देशस्य उत्तरदिशायां पर्वतराजः हिमालयः वर्तते।

(ग) भारतवर्षं पुरा 'आर्यावर्तः' इति कथ्यते स्म।

(घ) 'रत्नाकरः' भारतस्य दक्षिणदिशायां वर्तते।

(ङ) भारतस्य प्राचीनतमा मधुरतमा भाषा 'संस्कृतम्' इति।

भाषा-बोध

- **निम्नलिखित शब्दों के रूप लिखिए-**

	एकवचनम्	द्विवचनम्	बहुवचनम्
उत्तर	अध्यापकः	**अध्यापकौ**	**अध्यापकाः**
	हे अध्यापक!	**हे अध्यापकौ!**	**हे अध्यापकाः!**
	अध्यापिका	**अध्यापिके**	**अध्यापिकाः**
	हे अध्यापिका!	**हे अध्यापिके!**	**हे अध्यापिकाः!**
	माला	**माले**	**मालाः**
	हे माले!	**हे माले!**	**हे मालाः!**
	अम्बा	**अम्बे**	**अम्बाः**
	हे अम्बा!	**हे अम्बे!**	**हे अम्बाः!**
	मित्रम्	**मित्रे**	**मित्राणि**
	हे मित्र!	**हे मित्रे!**	**हे मित्राणि!**

रचनात्मक गतिविधि

उत्तरम्- विद्यार्थी स्वयं करें।

सिंहः मूषकः च (केवलं पठनाय मनोरञ्जनाय च)

हिन्दी अनुवाद-

एक शेर जंगल में रहता है।
एक बार वह पेड़ के नीचे सोता है।

शेर चूहे पर क्रोध करता है और कहता है—
अरे तुच्छा! क्या करते हो तुम? तेरी मृत्यु तो समीप ही है।

शेर हँसता है और उसे छोड़ता है।
एक बार शेर शिकारी के जाल में बँध (फँस) जाता है।

हिन्दी अनुवाद-

एक चूहा आता है। उसके शरीर पर इधर-उधर नाचता है। उससे शेर जाग जाता है।

चूहा रोता है और बोलता है—
हे वनराज! मुझ पर दया करो। समय आने पर मैं तुम्हारी सहायता करूँगा।

शेर जोर से दहाड़ता है। अचानक चूहा वहाँ आता है। और बोलता है।—
हे वनराज! दुख मत करो। मैं यह जाल काट दूँगा।

शेर जाल से आजाद होता है और बोलता है—
हे मित्र चूहे! छोटे जीव का भी उपयोग होता है। यह मैंने आज समझ लिया है।

10 विद्यायाः महत्त्वं

हिन्दी अनुवाद–

वे माता-पिता शत्रु हैं, जिन्होंने अपने बालक को नहीं पढ़ाया क्योंकि ऐसा बालक विद्वानों की सभा में वैसे ही शोभा नहीं पाता है- जैसे हंसों के मध्य बगुला।

सुख चाहने वाले को विद्या कहाँ, विद्या चाहने वाले को सुख कहाँ। सुख चाहने वाला विद्या छोड़ दे अथवा विद्या चाहने वाला सुख छोड़ दे।

विद्वान और नृपत्व (राजापन) कभी भी एक समान नहीं हो सकते; क्योंकि राजा तो अपने देश में पूजा जाता है किंतु विद्वान सब जगह पूजा जाता है।

कोयलों का रूप उनका स्वर (आवाज) है, नारी का रूप पतिव्रत, कुरूपों का रूप विद्या (ज्ञान) है, तपस्वियों का रूप क्षमा है।

अभ्यास

पाठ-बोध

1. सही विकल्प पर (✓) लगाइए-

उत्तर (क) शत्रुः (ख) शोभते

(ग) त्यजेद् (घ) विद्वान्

2. निम्नलिखित श्लोकों की पक्तियों को पूरा कीजिए-

उत्तर (क) माता शत्रुः पिता **बैरी**,
येन **बालो** पठिताः।
न शोभते **सभा** मध्ये,
हंस मध्ये **बको** यथा।

(ख) कोकिलानां स्वरो **रूपं**
नारी रूपं **पतिव्रतम्**।

(ग) विद्या रूपं **कुरूपाणाम्**।
क्षमा रूपं **तपस्विनाम्**।।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

उत्तर (क) माता पिता बैरी येन बालो न पाठितः।

(ख) राजा स्वदेशे पूज्यते।

(ग) कुरूपाणां रूपं विद्या।

(घ) विद्यार्थी सुख त्यजेद्।

भाषा-बोध

1. निम्नलिखित वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए।

उत्तर (क) सुखार्थिनः कुतो विद्या।

(ख) विद्वांसः सर्वत्र पूज्यन्ते।

(ग) कोकिलायाः रूपं स्वरेण ज्ञायते।

(घ) तपस्विनः रूपं क्षमया ज्ञायते।

2. निम्नलिखित वाक्यों का हिंदी में अनुवाद कीजिए।

उत्तर (क) वह विद्वानों की सभा के मध्य वैसे ही शोभा नहीं पाता है- जैसे हंसों के मध्य बगुला

(ख) सुख चाहने वाला विद्या छोड़ दे।

(ग) राजा स्वदेश में पूजा जाता है।

(घ) कुरूपों का रूप विद्या है।

रचनात्मक गतिविधि

उत्तरम्- विद्यार्थी स्वयं करें।

11 अस्माकं संस्कृतिः

हिन्दी अनुवाद–

हमारी संस्कृति सदा गतिशील है। सभी धर्मों का सम्मान, वृद्ध लोगों की सेवा, आज्ञा का पालन, कर्तव्यपालन इत्यादि हमारी संस्कृति का मूल तत्व है। यह कर्म वीरों की संस्कृति है। ''कर्म करते हुए जीने की इच्छा रखे'' ऐसा इसका उद्घोष है। 'पहले कर्म, उसके बाद फल' ऐसी हमारी संस्कृति है। हमारी संस्कृति का निर्देश है- अपने श्रम का फल भोगना चाहिए, दूसरे के श्रम का शोषण पूरी तरह वर्जित है। भारत देश में वाराणसी नगरी एक धार्मिक नगरी है। यहाँ अनेक पर्यटक आते हैं और ज्ञान बढ़ाते हैं। हमारी संस्कृति ''हम सभी लोग भारतीय है'' ऐसी भावना को बढ़ाती है।

अभ्यास

पाठ-बोध

1. सही विकल्प पर (✓) लगाइए-

उत्तर (क) गतिशीला (ख) पर्यटकाः

(ग) भावनाम्

2. निम्नलिखित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

उत्तर (क) अस्माकं **संस्कृतिः** सदा गतिशीला वर्तते।

(ख) अन्यस्य **श्रमस्य** शोषणं सर्वथा वर्जनीयम्।

(ग) वाराणसी एका धार्मिका **नगरी** अस्ति।

(घ) वयं सर्वे जनाः **भारतीयाः**।

(ङ) कुवेन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं इति **अस्याः** उद्घोषः।

(च) निजस्य श्रमस्य फलम् भोग्यम्।

3. सत्य कथन के सामने सही (✓) तथा असत्य कथन के सामने गलत (✗) का चिह्न लगाइए–

उत्तर (क) ✗ (ख) ✓ (ग) ✗

(घ) ✗ (ङ) ✓ (च) ✗

4. निम्नलिखित प्रश्नों के संस्कृत में उत्तर कीजिए–

उत्तर (क) अस्माकं संस्कृति गतिशीला अस्ति।

(ख) पूर्व कर्म, तदनन्तरं फलम् इति अस्माकं संस्कृतेः नियमः।

(ग) वाराणसी नगरी धार्मिका नगरी अस्ति।

(घ) एषा संस्कृति भारतदेशस्य अस्ति।

भाषा-बोध

- **निम्नलिखित वाक्यों का हिंदी में अनुवाद कीजिए–**

उत्तर (क) हमारी संस्कृति सदा गतिशील है।

(ख) पहले कार्य उसके बाद फल।

(ग) यहाँ अनेक पर्यटक आते हैं और ज्ञान बढ़ाते हैं।

(घ) वाराणसी धार्मिक नगरी है।

रचनात्मक गतिविधि

उत्तरम्– विद्यार्थी स्वयं करें।

12 मूर्ख वानरः

हिन्दी अनुवाद–

यमुना नदी के किनारे एक बरगद का पेड़ था। उस वृक्ष पर अपने परिश्रम से बनाए घोंसलों में पक्षी सुख से रहते थे। वहाँ पेड़ के नीचे कोई बंदर भी रहता था। एक बार बंदर बारिश के जल से बहुत ही गीला हो गया और काँपने लगा। पक्षियों ने ठंड से काँपते उस बंदर को बोला– ''हे बंदर! तुम कष्ट महसूस कर रहे हो। तुम क्यों घर का निर्माण नहीं करते हो?'' 'उस बंदर ने यह सुनकर सोचा– 'ओह! ये तुच्छ पक्षी मुझे भला बुरा कह रहे हैं।'

इसलिए उस बंदर ने गुस्से से पक्षियों के घोंसले पेड़ से नीचे गिरा दिए और नष्ट कर दिए। घोंसलों के साथ पक्षियों के अंडे भी नष्ट हो गए।

कहा भी गया है– ''निश्चित ही मूर्ख को उपदेश देना उसके क्रोध को बढ़ाना है, शांति को नहीं।''

अभ्यास

पाठ-बोध

1. सही विकल्प पर (✓) लगाइए–

उत्तर (क) वटः (ख) वानरः

(ग) खगाः

2. निम्नलिखित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

उत्तर (क) यमुनातीरे एकः **वटवृक्षः** आसीत्।

(ख) एकदा **वानरः** वृष्टिजलेन अतीव आर्द्रः **कम्पितः** च अभवत्।

(ग) त्वं कथं **गृहस्य** निर्माणं न करोषि?

(घ) एते क्षुद्राः **खगाः** मां निन्दन्ति।

(ङ) नीडैः सह खगानाम् **अण्डानि** अपि नष्टानि जातानि।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

उत्तर (क) वटवृक्षः यमुनातीरे आसीत्।

(ख) वानरः वृक्षतले वसति स्म।

(ग) वृष्टिजलेन आर्द्रो भूय शीतेन कम्पते स्म वानरः।

(घ) वानरं खगाः निन्दन्ति स्म।

(ङ) उपदेशः मूर्खाणां प्रकोपाय भवति।

भाषा-बोध

1. निम्नलिखित शब्दों का संस्कृत वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

उत्तर (क) तत्र **तत्र** एकः वानरः अपि वसति स्म।

(ख) अपि अहो! एते खगाः **अपि** मां निन्दन्ति।

(ग) वानरः **वानरः** एतत् श्रुत्वा क्रुद्धोऽभवत्।

(घ) वृक्षः वने एकः वटस्य **वृक्षः** आसीत्।

3. निम्नलिखित वाक्यों का हिंदी में अनुवाद कीजिए–

उत्तर (क) यमुना के किनारे एक बरगद का पेड़ था।

(ख) एक बार बंदर बारिश के जल से बहुत ही गीला हो गया।

(ग) ये तुच्छ पक्षी मुझे भला-बुरा कह रहे हैं।

(घ) उसने उनके घोंसले नीचे गिरा दिए।

(ङ) मूर्ख को उपदेश नहीं देना चाहिए।

रचनात्मक गतिविधि

उत्तरम्- विद्यार्थी स्वयं करें।

13 परिशिष्ट

उत्तर– विद्यार्थी स्वयं करें।

आदर्श प्रश्न-पत्र - 1

1. सही विकल्प पर (✓) लगाइए-

उत्तर (क) वने (ख) श्लोकान्

(ग) खड्गेन (घ) ग्रामात्

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

उत्तर (क) उपवनम् **रमणीयम्** अस्ति।

(ख) यूयं **पुस्तकानि** पठिष्यथ।

(ग) कृषक: **अन्याय** क्षेत्रं कर्षति।

(घ) भिक्षुक: **पादेन** खञ्ज: अस्ति।

3. निम्नलिखित शब्दों के षष्ठी विभक्ति के रूप लिखिए-

	शब्द:	**एकवचनम्**	**द्विवचनम्**	**बहुवचनम्**
उत्तर	(क) छात्र	छात्रस्य	छात्रयो:	छात्राणाम्
	(ख) लता	लताया:	लतयो:	लतानाम्
	(ग) वृक्ष	वृक्षस्य	वृक्षयो:	वृक्षाणाम्

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

उत्तर(क) वृक्षेषु खगा: निवसन्ति।

(ख) शिक्षक: छात्रेभ्य: ज्ञानं ददाति।

(ग) ग्रामात् कृषक: आगच्छति।

(घ) बालक: सत्यं वदिष्यति।

आदर्श प्रश्न-पत्र - 2

1. सही विकल्प पर (✓) लगाइए-

उत्तर (क) उद्यानम् (ख) क्षेत्रेषु

(ग) भावनाम् (घ) खगा:

2. सत्य कथन के सामने सही (✓) तथा असत्य कथन के सामने गलत (✗) का चिह्न लगाइए-

उत्तर (क) ✗ (ख) ✓

(ग) ✗ (घ) ✗

3. निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त विभक्ति तथा वचन बताइए-

शब्द:	**एकवचनम्**	**द्विवचनम्**	**बहुवचनम्**
उत्तर (क) मित्रस्य	षष्ठी	एकवचनम्	
(ख) वृक्षान्	द्वितीया	बहुवचनम्	
(ग) पर्यटनाय	चतुर्थी	एकवचनम्	

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

उत्तर (क) ग्रामेषु मुख्यत: कृषका: वसन्ति।

(ख) स्वदेशे राज्य पूज्यते।

(ग) वानर: वृक्षतले वसति स्म।

(घ) उद्यानं रामस्य अस्ति।

संस्कृत भाग 4

1 ईशवन्दना

उत्तर– विद्यार्थी स्वयं करें।

2 मम विद्यालयः

हिन्दी अनुवाद–

यह मेरा विद्यालय है। इसका भवन विशाल है। विद्यालय के चारों ओर वृक्ष हैं। यहाँ एक हजार छात्र पढ़ते है। सभी शिक्षक योग्य हैं। वे स्नेह से छात्रों को पढ़ाते है। विद्यालय का वातावरण सुंदर है।

मेरे विद्यालय में एक पुस्तकालय है। यहाँ विविध विषयों की पुस्तकें हैं। छात्रा यहाँ चुप रहते हैं और समाचार पत्र पढ़ते हैं।

विद्यालय में एक विज्ञान प्रयोगशाला है। छात्र यहाँ विज्ञान के प्रयोग करते हैं।

मेरे विद्यालय में एक विशाल खेल का मैदान है। व्यायाम शिक्षक व्यायाम कराते हैं। उसके बाद योग का अभ्यास कराते हैं। खेल के घंटे के समय छात्र यहाँ खेलते हैं।

मेरे विद्यालय में एक सुंदर उपवन है। वहाँ विविध प्रकार के वृक्ष, और विविध प्रकार की लताएँ हैं। फूलों की सुगंध से विद्यालय की सुंदरता दुगनी हो जाती है। यहाँ पढ़कर हम गौरव का अनुभव करते हैं।

अभ्यास

पाठ-बोध

1. सही विकल्प पर (✓) लगाइए-

उत्तर (क) विद्यालयः (ख) पुस्तकालयः
(ग) व्यायामम् (घ) उपवनम्

2. कोष्ठक में से दिए गए शुद्ध शब्द पर सही (✓) का चिह्न लगाइए-

उत्तर (क) **विद्यालयं** परितः वृक्षाः सन्ति।
(ख) विद्यालयस्य भवनं **विशालम्** अस्ति।
(ग) छात्राः **क्रीडाक्षेत्रे** क्रीडन्ति।
(घ) सर्वे शिक्षकाः **योग्याः** सन्ति।
(ङ) शिक्षकाः **स्नेहेन** छात्रान् पाठयन्ति।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

उत्तर (क) विद्यालयं परितः वृक्षाः सन्ति।
(ख) पुस्तकालये विविधानां विषयाणां पुस्तकानि सन्ति।
(ग) छात्राः क्रीडाक्षेत्रे क्रीडन्ति।
(घ) विद्यालये सहस्रं छात्राः सन्ति।
(ङ) छात्राः विज्ञानास्य प्रयोगाः विज्ञानप्रयोगशालायां कुर्वन्ति।

भाषा-बोध

1. निम्नलिखित अव्यय शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

उत्तर (क) परितः मन्दिरं **परितः** लघुदीर्घाः विविधाः वृक्षाः सन्ति।
(ख) अत्र **अत्र** एकः सरोवरः अपि अस्तिः
(ग) तूष्णीम् देवालये रूर्वे जनाः **तूष्णीं** तिष्ठन्ति।
(घ) च भक्ताः पूजकः **च** श्रद्धया प्रभुं स्मरन्ति।

2. निर्देशानुसार वचन बदलकर लिखिए-

उत्तर (क) (बहुवचने) छात्राः विद्यालये पठन्ति।
(ख) (एकवचने) शिक्षकः योग्यः अस्ति।
(ग) (द्विवचने) छात्रौ तूष्णीं तिष्ठतः।
(घ) (द्विवचने) विद्यालयं परितः वृक्षौ स्तः।
(ङ) (बहुवचने) छात्राः विज्ञानस्य प्रयोगान् कुर्वन्ति।

3. निम्नलिखित वाक्यों का हिंदी में अनुवाद कीजिए-

उत्तर (क) विद्यालय का भवन विशाल है।
(ख) पुस्तकालय में छात्र चुपचाप बैठते हैं।
(ग) व्यायाम शिक्षक योग का अभ्यास कराते हैं।

क्रियात्मक गतिविधि

उत्तरम्- विद्यार्थी स्वयं करें।

3 चतुरः काकः

हिन्दी अनुवाद–

एक वन में कौआ रहता था। वह चतुर था। एक बार वह प्यास से बेचैन हो गया। कौआ जल के लिए इधर–उधर घूमा किंतु जल नहीं मिला। तब उसने एक घड़ा देखा। वह जल्दी से उसके पास गया।

किंतु घड़े में जल कम था। इसलिए कौआ जल पीने में समर्थ नहीं हुआ। तब उसने एक उपाय सोचा। वह दूर से एक पत्थर का टुकड़ा लाया। उसने बार–बार पत्थर के टुकड़ों को घड़े में फेंका। धीरे–धीरे जल ऊपर आ गया।

कौए ने जल पीया। उसकी प्यास शांत हो गई। जल पीकर वह संतुष्ट और सुखी हुआ। वह अपने परिश्रम से सफल हुआ। जो परिश्रम करता है, वह सदैव संतुष्ट होता है। कौए ने परिश्रम किया; इसलिए वह शीतल जल पीने में समर्थ हो गया। इसलिए सभी को परिश्रम करना चाहिए।

अभ्यास

पाठ–बोध

1. सही विकल्प पर (✓) लगाइए–

उत्तर (क) काकः (ख) घटम्
(ग) जलम् (घ) आलस्यम्

2. कोष्ठक में दिए गए शब्दों के सही रूप बनाकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

उत्तर (क) एकस्मिन **वने** एकः काकः निवसति सम।
(ख) काकः **जलाय** इतस्ततः अभ्रमत्।
(ग) तदा सः एकं घटम् **अपश्यत्**।
(घ) सः **दूरात्** एकम् एकं प्रस्तरखण्डम् आनयत्।
(ङ) सः निजेन **परिश्रमेण** सफलः अभवत्।
(च) **सर्वेभ्यः** परिश्रमं करणीयं स्यात्।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

उत्तर (क) काकः वने निवसति स्म।
(ख) काकः पिपासया व्याकुलः अभवत्।
(ग) सः घटम् अपश्यत्।
(घ) सः घटे प्रस्तरखण्डानि अक्षिपत्।
(ङ) काकः स्व परिश्रमेण सफलः अभवत्।
(च) अस्माभिः परिश्रमं करणीयं स्यात्।

भाषा–बोध

1. निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखिए–

	अशुद्ध	शुद्ध	अशुद्ध	शुद्ध
उत्तर	(क) एकास्मिन्	**एकस्मिन्**	(ख) पिपासयाः	**पिपासया**
	(ग) समिपम्	**समीपम्**	(घ) शीध्रमेव	**शीघ्रमेव**
	(ङ) सर्मथः	**समर्थः**	(च) दुरात्	**दूरात्**
	(छ) कम्रेण	**क्रमेण**	(ज) पित्वा	**पीत्वा**
	(झ) पनाय	**पानाय**	(ञ) करनीयम्	**करणीयम्**

2. निम्नलिखित वाक्यों का हिंदी में अनुवाद कीजिए–

उत्तर (क) वह प्यास से बेचैन हो गया।
(ख) कौआ उसके पास गया।
(ग) कौए ने जल पीया।
(घ) जल पीकर वह संतुष्ट होता है।
(ङ) सभी को परिश्रम करना चाहिए।

3. लङ् लकार (भूतकाल) में 'भू–भव्' धातु के उचित रूप बनाकर लिखिए–

	पुरुषः	एकवचनम्	द्विवचनम्	बहुवचनम्
उत्तर	(क) प्रथम	अभवत्	अभवताम्	अभवन्
	(क) मध्यम	अभवः	अभवतम्	अभवत
	(क) उत्तम	अभवम्	अभवाव	अभवाम

क्रियात्मक गतिविधि

उत्तरम्– विद्यार्थी स्वयं करें।

4 असत्यस्य परिणामः

हिन्दी अनुवाद–

एक बार एक गाँव में एक ग्वाला रहता था। उसका नाम घनश्याम था। वह प्रतिदिन वन में अन्य ग्वालों के साथ अपने पशु भी ले जाता था। वहाँ वन में बहुत सारे पशु-पक्षी और बाघ, सिंह आदि हिंसक पशु रहते थे।

एक बार घनश्याम पशुओं को चरा रहा था। अचानक ही ग्रामीणों के साथ मजाक करने की सोची। वह जोर से बोला– ''शेर, शेर, मेरी रक्षा करो, रक्षा करो। वह मेरे पशुओं को खा जाएगा; उससे मेरे पशुओं को बचाओ।''

ग्वाले की बात सुनकर बहुत सारे किसान उसकी सहायता के लिए हाथ में डंडा लेकर वहाँ जल्दी आए। उन किसानों को देखकर वह किसानों को बोला– ''मैं तो केवल मजाक कर रहा था।'' उसकी बात सुनकर वे किसान लज्जित हो गए और अपने खेत को लौट गए।

दूसरे दिन भी घनश्याम ने वैसा ही किया। किसान फिर भी उसके पास गए किंतु वे फिर लज्जित होकर अपने खेत को लौट आए। इस प्रकार वह ग्वाला बार-बार करता था। एक बार सच में ही वहाँ शेर आ गया जहाँ ग्वाला पशुओं को चरा रहा था। उसने जोर-जोर से आवाज की किंतु किसान झूठ मानकर उसकी आवाज सुनकर भी वहाँ नहीं आए।

उसके बाद शेर ने घनश्याम को मार दिया। इस प्रकार ग्वाले ने झूठ बोलने का फल पाया।

अभ्यास

पाठ-बोध

1. सही विकल्प पर (✓) लगाइए–

उत्तर (क) घनश्यामः (ख) उक्त सर्वे
(ग) सिंहः (घ) लज्जिताः

2. निम्नलिखित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

उत्तर (क) एकस्मिन् ग्रामे एकः **गोपालकः** आसीत्।
(ख) तस्य नाम **घनश्यामः** आसीत्।
(ग) एकदा घनश्यामः **पशून्** वने चारयति स्म।
(घ) सः गोपालकः **मुहुर्मुहुः** करोति स्म।
(ङ) ततः **सिंहः** गोपालकं हतवान्।

3. निम्नलिखित को सुमेल कीजिए–

उत्तर

(क) घनश्यामः	(i) कृषकाः
(ख) व्याघ्राः, सिंहाः	(ii) हतवान्
(ग) रक्षत, रक्षत	(iii) गोपालकः
(घ) लज्जिताः	(iv) हिंसकाः पशवः
(ङ) गोपालकं	(v) उच्चैः स्वरैः

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

उत्तर (क) गोपालकस्य नाम घनश्यामः आसीत्।
(ख) वने पशुपक्षिणः, व्याघ्राः, सिंहादयश्च हिंसकाः पशवः वसन्ति स्म।
(ग) सिंहे आगते गोपालकः स्व रक्षणाय उच्चैः शब्दम् अकरोत्।
(घ) सिंहः घनश्यामं कृतवान्।

भाषा-बोध

1. निम्नलिखित शब्दों को हिंदी में लिखिए–

उत्तर (क) आसीत् **था** (ख) ग्रामे **गाँव में**
(ग) पशवः **बहुत-से पशु** (घ) अचिन्तयत् **सोचा**
(ङ) दृष्ट्वा **देखकर** (च) नीत्वा **लेकर**

2. दी गई तालिका को 'नय्' धातु के लङ् लकार के रूप लिखकर पूरा कीजिए–

		एकवचनम्	द्विवचनम्	बहुवचनम्
उत्तर (क)	प्रथम पुरुषः	अनयत्	**अनयताम्**	**अनयन्**
(ख)	मध्यम पुरुषः	**अनयः**	अनयतम्	**अनयत**
(ग)	उत्तम पुरुषः	अनयम्	**अनयाव**	अनयाम

3. निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त विभक्ति तथा वचन लिखिए–

	शब्दः	विभक्तिः	वचनम्
उत्तर (क)	ग्रामे	सप्तमी	एकवचनम्
(ख)	तस्य	षष्ठी	एकवचनम्
(ग)	व्याघ्राः	प्रथमा	बहुवचनम्
(घ)	तस्मात्	पञ्चमी	एकवचनम्
(ङ)	मम	षष्ठी	एकवचनम्
(च)	क्षेत्रात्	पञ्चमी	एकवचनम्

क्रियात्मक गतिविधि

उत्तरम्– विद्यार्थी स्वयं करें।

5 गोदुग्धम्

हिन्दी अनुवाद–

हम नाना प्रकार के भोजन खाते हैं। उन आहारों में गाय का दूध बहुत ही बुद्धिवर्धक, पौष्टिक रोग को हरने वाला, ठंडक देने वाला, मधुर और अमृत के समान है। यह प्यास को शांत करता है और भूख बढ़ाता है।

इससे बना दही सर्वथा लाभप्रद है। यह दुर्बलता हरता है। दही रात को नहीं खाना चाहिए। दिन में घी, शहद, चीनी, मूंग की दाल अथवा आँवले के साथ यह अनेक रोगों को हरता है।

मट्ठा पेट के रोगों को दूर करता है। पीलिया रोग में यह विशेष रूप से हितकर है। मक्खन भूख बढ़ाता है, अरुचि को नष्ट करता है, हृदय को सबल करता है। घी स्मृति, बुद्धि और शक्ति को पुष्ट करता है। वात, पित्त और पुराने बुखार को नष्ट करता है। विधिपूर्वक प्रयुक्त घी हजार गुनी मात्रा में लाभकारी होता है।

मात्रानुसार भोजन करना चाहिए। अधिक मात्रा में लिया गया अमृत भी विष बन जाता है।

अभ्यास

पाठ–बोध

1. सही विकल्प पर (✓) लगाइए–

उत्तर (क) गोदुग्धम् (ख) दधि
(ग) दधि (घ) अमृतम्

2. निम्नलिखित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

उत्तर (क) वयं नानाविधम् **आहारंम** खादामः।

(ख) **दधि** नक्तं न भुञ्जीत।

(ग) **तक्रम्** उदररोगान् दूरी करोति।

(घ) अतिमात्रायां गृहीतम् अमृतम् अपि **विषं** भवति।

(ङ) **घृतं** स्मृतिम्, बुद्धिं शक्तिं च पोषयति।

3. निम्नलिखित को सुमेल कीजिए–

उत्तर

(क) गोदुग्धम्	(iii) विषम्
(ख) तक्रम्	(iv) उदररोगान्
(ग) नवनीतम्	(v) बुभुक्षाम्
(घ) घृतम्	(i) स्मृतिम्
(ङ) अमृतम्	(ii) मधुरम्

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

उत्तर (क) आहारेषु गोदुग्धं बुद्धिवर्धकम् अस्ति।

(ख) दधि रात्रौ न भोक्तव्यम्।

(ग) पाण्डुरोगे तक्रं हितकरम्।

(घ) अतिमात्रायां गृहीतम् आहारं विषं भवति।

भाषा–बोध

1. निम्नलिखित क्रियापदों के वचन तथा पुरुष लिखिए–

	क्रियापदम्	वचनम्	पुरुषः
उत्तर (क)	खादामः	**बहुवचनम्**	**उत्तमः**
(ख)	अस्ति	**एकवचनम्**	**प्रथमः**
(ग)	वर्धयति	**एकवचनम्**	**प्रथमः**
(घ)	नाशयति	**एकवचनम्**	**प्रथमः**
(ङ)	भवति	**एकवचनम्**	**प्रथमः**

2. निम्नलिखित शब्द रूपों में प्रयुक्त विभक्ति तथा वचन लिखिए–

	शब्दः	विभक्तिः	वचनम्
उत्तर (क)	आहारेषु	**सप्तमी**	**बहुवचनम्**
(ख)	पाण्डुरोगे	**सप्तमी**	**एकवचनम्**
(ग)	तक्रम्	**प्रथमा, द्वितीया**	**एकवचनम्**
(घ)	विशेषेण	**तृतीया**	**एकवचनम्**

3. निम्नलिखित वाक्यों का हिंदी में अनुवाद कीजिए–

उत्तर (क) यह प्यास शांत करता है और भूख बढ़ाता है।

(ख) मट्ठा पेट के रोगों को दूर करता है।

(ग) यह दूध अरुचि को नष्ट करता है, हृदय को सबल करता हैं

(घ) विधिपूर्वक प्रयुक्त घी हजार गुनी मात्रा में लाभकारी होता है।

क्रियात्मक गतिविधि

उत्तरम्– विद्यार्थी स्वयं करें।

6 सुभाषितानि

हिन्दी अनुवाद–

नित्य अभिवादन (प्रणाम, सत्कार आदि) करने वाले और बड़े बुजुर्गों की सेवा करने वाले की चार चीजें बढ़ती हैं– आयु, विद्या, यश, बल।

कौआ काला, कोयल काली, कौए–कोयल में क्या भेद है? वसंत ऋतु के आने पर कौआ, कौआ होता है और कोयल, कोयल।

भोजन प्राप्त होने पर ब्राह्मण, बादलों के गरजने पर मोर, दूसरों की उन्नति पर सज्जन तथा दुष्ट लोग दूसरों की विपत्ति में संतुष्ट होते हैं।

अट्ठारह पुराणों में व्यास के दो वचन हैं– परोपकार पुण्य के लिए तथा दूसरों को सताना पाप के लिए होता है।

जन्म देने वाले (उत्पत्ति कर्ता) ब्रह्मा, पालन करने वाले विष्णु और संसार के संहारकर्ता शिवजी को नमस्कार है।

अभ्यास

पाठ–बोध

1. सही विकल्प पर (✓) लगाइए–

उत्तर (क) वृद्धोपसेविनः (ख) वसन्तसमये
(ग) पुराणेषु (घ) पालियतेः

2. निम्नलिखित श्लोकों को पूरा कीजिए–

उत्तर (क) अभिवादनशीलस्य **नित्यं वृद्धोपसेविनः**।
चत्वारि **तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्यायशोबलम्**।।

(ख) काक **कृष्णः पिकः** कृष्णः, को भेदः **पिककाकयोः**।
वसन्तसमये **आगते काकः** काकः **पिकः पिकः**।।

(ग) तुष्यन्ति **भोजने विप्राः** मयूराः **घनगर्जने**।
साधवः **परसम्पत्तौ**, खला **परवित्तिषु**।।

3. उचित विकल्प पर (✓) लगाइए–

उत्तर (क) **(देशाय (✓) / देशे)** प्राणान् त्यजति।

(ख) **(कल्याणेषु / कल्याणम् (✓)** आचरति।

(ग) **(लोके (✓) / लोकम्)** विन्दति।

(घ) **(पीडितानाम् (✓)/ पीडितै)** सहायकः।

4. निम्नलिखित श्लोकों का अर्थ लिखिए–

उत्तर (क) कौआ काला, कोयल काली, कौए–कोयल में क्या भेद है? वसंत ऋतु के आने पर कौआ, कौआ होता है और कोयल, कोयल।

(ख) जन्म देने वाले (उत्पत्ति कर्ता) ब्रह्मा, पालन करने वाले विष्णु और संसार के संहारकर्ता शिवजी को नमस्कार है।

भाषा–बोध

1. निम्नलिखित वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए–

उत्तर (क) ज्ञानं दानाय भवति।

(ख) सूर्याय नमः।

(ग) सुधीरः गवे कदलीफलं ददाति।

(घ) वीरेभ्यो नमः।

(ङ) खलाः परवित्तिषु मोदन्ते।

2. निम्नलिखित क्रियापदों के पुरुष और वचन लिखिए

	क्रियापदम्	पुरुषः	वचनम्
उत्तर	(क) त्यजति	**प्रथम पुरुषः**	**एकवचनम्**
	(ख) विन्दति	**प्रथम पुरुषः**	**एकवचनम्**
	(ग) तुष्यन्ति	**प्रथम पुरुषः**	**बहुवचनम्**
	(घ) आचरति	**प्रथम पुरुषः**	**एकवचनम्**

3. निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त विभक्ति लिखिए–

	शब्दः	विभक्तिः
उत्तर	(क) काकः	**प्रथमा**
	(ख) देशाय	**चतुर्थी**
	(ग) लोके	**सप्तमी**
	(घ) विद्या	**प्रथमा**
	(ङ) पिकः	**प्रथमा**
	(च) सहायकः	**प्रथमा**
	(छ) पीडितानाम्	**षष्ठी**

क्रियात्मक गतिविधि

उत्तरम्– विद्यार्थी स्वयं करें।

7 यक्ष-युधिष्ठिर सम्वादः

हिन्दी अनुवाद–

राजा पांडु के पाँच पुत्र थे। एक बार वे वन में प्यासे हो गए। युधिष्ठिर ने भीम को जल लाने के लिए कहा। वहाँ उन्होंने यक्ष की वाणी की उपेक्षा करके जल पीया और मृत्यु को प्राप्त हुए। इनके बाद अर्जुन, नकुल और सहदेव भी मृत्यु को प्राप्त हुए। अंत में युधिष्ठिर अपने भाइयों को मृत मानकर व्याकुल हो गए। वहाँ यक्ष ने युधिष्ठिर को अनेक प्रश्न पूछे।

यक्ष – मनुष्य का सहयोगी कौन है?

युधिष्ठिर – धैर्य।

यक्ष – वायु से तीव्र क्या है?

युधिष्ठिर – मन।

यक्ष – यश का एकमात्र साधन क्या है?

युधिष्ठिर – दान।

यक्ष – भूमि से अधिक क्षमा प्रदान करने वाली क्या है?

युधिष्ठिर – माता।

यक्ष – विदेशों में मित्र कौन है?

युधिष्ठिर – विद्या।

यक्ष – किसे छोड़कर मनुष्य सभी का प्रिय होता है?

युधिष्ठिर – अहंकार।

यक्ष – सर्वोत्तम लाभ क्या है?

युधिष्ठिर – आरोग्य।

यक्ष – किसके लुप्त होने पर दुख नहीं होता है?

युधिष्ठिर – क्रोध के।

यक्ष – संसार में धर्म से श्रेष्ठ क्या है?

युधिष्ठिर – उदारता।

यक्ष – किसके साथ मित्रता होनी चाहिए?

युधिष्ठिर – सज्जन के साथ।

यक्ष – सर्वाधिक आश्चर्य क्या है?

युधिष्ठिर – मृत्यु के विषय में जानकर भी जीने की इच्छा।

युधिष्ठिर के उत्तर सुनकर यक्ष, प्रसन्न हुआ और उसके सभी भाइयों को जीवित कर दिया। यमराज ने उपदेश दिया– ''अहंकार कभी नहीं करना चाहिए''।

अभ्यास

पाठ-बोध

1. सही विकल्प पर (✓) लगाइए–

उत्तर (क) धैर्यः (ख) दानम्

(ग) आरोग्यः (घ) सज्जनेन

2. निम्नलिखित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

उत्तर (क) त्वं **किं** करोषि?

(ख) राम: **कस्य** पुत्र: आसीत्?

(ग) **कस्मात्** विना सफलतां न भवति?

(घ) ताजमहल: **कुत्र** अस्ति?

(ङ) श्रीनगर: **कस्मिन्** प्रान्ते अस्ति?

(च) स: **काभ्यां** बधिर: अस्ति?

(छ) मोहन: **कदा** उत्तिष्ठति?

(ज) पिता **केन** सह गच्छति?

3. मञ्जूषा से उचित अव्यय पद चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

उत्तर (क) **यथा** राजा तथा प्रजा।

(ख) माता-पिता **च** शिशून पालयत:।

(ग) सत्यम् **एव** जयते।

(घ) महात्मा गांधी असत्यं **न** अवदत्।

(ङ) गर्वं **मा** कुरु।

4. एक पद में उत्तर दीजिए–

उत्तर (क) धैर्य:।

(ख) माता।

(ग) क्रोधस्य।

(घ) सज्जनेन।

भाषा-बोध

1. रेखांकित पद के आधार पर प्रश्न-निर्माण कीजिए–

उत्तर (क) **किं** यश: एकमात्रं साधनम् अस्ति?

(ख) **कस्य** लुप्ते दु:खं न भवति?

(ग) **का** लोके सर्वश्रेष्ठा अस्ति?

(घ) **केन** सह मित्रता भवेत्?

(ङ) माता **कस्मै** दुग्धं यच्छति?

(च) स: **कुत्र** निवसति?

(छ) **कस्मात्** विना जीवनं निरर्थकं भवति?

(ज) माता! **कस्मै** मोदकं रोचते?

